


हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**अनोखा मामला**

*12 गांव के ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई बैठक भूमि स्वामी को दिलाया गया मालिकाना हक, दोनों पक्षों ने जताई सहमति*

## इसलिए कहते है पंच को परमेश्वर....

# सालों पुराना जमीन विवाद चंद घंटों में सुलझा दिया

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडगांव

ग्रामीण परिवेश में पंच को परमेश्वर का दर्जा दिया गया है। पंचों द्वारा लिया गया फैसला गांव में रहने वाले लोगों के लिए सर्व मान्य होता है और आधुनिकता के युग में यह परंपरा एक बार फिर से चरितार्थ होती नजर आ रही है। ऐसा ही कुछ मामला सरगुजा के ग्राम पंचायत दावा में सामने आया है, जहां पंचों ने कुछ ही घंटों की बैठक में वर्षों पुरानी जमीन विवाद को सुलझा दिया।

कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाकर थक चुके ग्रामीणों ने जब पंचायत में गुहार लगाई तो 12 गांव के ग्रामीणों ने पंच के नेतृत्व में बैठक की और जमीन उसके असल मालिक को सौंप दी गई। पंचायत के इस फैसले से दोनों पक्ष संतुष्ट है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम पंचायत दावा में ⏭शेष पेज 7 पर

### दिखी पंच-परमेश्वर की शक्ति

बड़ी बात यह है कि आज के आधुनिक युग में किसी भी भूमि विवाद का निपटारा कोर्ट में किया जाता है। ग्राम पंचायत दावा में इस बैठक के बाद एक बार फिर से पंचायत और पंच-परमेश्वर की शक्ति अस्तित्व में आ गई है। यदि इसी तरह लोग पंचों के निर्णय को मानते हुए अपने विवादों का निपटारा कर लें तो गांव में जमीन के टुकड़ों को लेकर विवाद और मारपीट जैसी स्थिति निर्मित नहीं होगी।



### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पंचायत द्वारा भूमि का मालिकाना हक हरिशंकर यादव को देने के साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि उक्त भूमि पर फलदार पेड़ों के पौधे लगाए जाएंगे। पंचायत के निर्णय के बाद 12 गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और उक्त 50 डिसमिल भूमि पर ट्रैक्टर से जोताई की गई। इसके साथ ही 35 से अधिक आम, जामुन व अन्य फलदार पेड़ों के पौधे रोप गए। पंचायत प्रतिनिधियों ने पौधों के संरक्षण के साथ ही जमीन को अतिक्रमण करने वालों से बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले जमीन की जुताई नहीं करने के कारण किसी दूसरे के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश किया जा रहा था। इसलिए ग्रामवासी, सरपंच, बीडीसी, रामगढ़ सेवा समिति सदस्यों सहित सैकड़ो लोगों ने निजी भूमि में पौधरोपण किया।

### सहमति से लिया गया निर्णय

सभी पंचों के आपसी सहमति से लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद का निपटारा फल दार वृक्ष लगा कर किया गया है। आगे भी पेड़ की देख भाल के अलावा वृक्ष लगाने का काम जारी रहेगा।

- गोलन सिंह
पूर्व सरपंच एवं ग्राम पटेल

## अल्टो कार की डिक्की में रखकर ले गए ट्रंक

# हत्या का सनसनीखेज मामला, ट्रंक के अंदर ट्राली बैग में लाश, कैमरे में कैद



- सीसीटीवी फूटेज मिला, एक महिला और एक पुरूष के शामिल होने का शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के डीडीनगर थाना के इंद्रप्रस्थ इलाके में सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सूनसान इलाके में एक स्टील का ट्रंक मिला, जिसके अंदर मिली ट्राली बैग में युवक की लाश थी। लाश पर सीमेंट का मलमा डाला गया था। लाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है, पर पुलिस के हाथ कई महत्वपूर्ण सुराग लगे हैं। मसलन एक सीसीटीवी का फूटेज मिला है, जिसमें अल्टो कार की डिक्की में यही ट्रंक नजर आ रहा है। पता चला है कि इस ट्रंक को एक महिला और पुरुष ने एक दिन पहले ही ⏭शेष पेज 7 पर

### दिन में ठिकाने लगाई गई लाश

जिस बंद पेटी तथा ट्राली बैग में लाश मिली है, वहां तेज बदबू थी, किसी के लिए दो मिनट रुकना संभव नहीं था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि लाश ठिकाने लगाने के कुछ घंटों के भीतर पुलिस को जानकारी मिल गई। जहां लाश पाई गई, वहां हर सुबह लोग मार्निंग वाक करने जाते हैं। घटना स्थल पर मार्निंग वाक करने वाले कुछ लोग मिले, उन लोगों ने पुलिस को जानकारी दी कि सुबह मौके पर किसी तरह की पेटी नहीं दिखी थी।

### ऐसी जानकारी पुलिस को मिली

पेटी को तीन से चार लोगों द्वारा उठाए जाने के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस को जो सीसीटीवी फूटेज मिला है, उसमें समय सुबह 9.52 बजे का दिख रहा है। पुलिस को लाश मिलने की जानकारी दोपहर दो बजे मिली। मौके पर जांच करने पहुंची फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को पेटी में तीन से चार लोगों के फिंगर प्रिंट के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या में तीन से चार लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस की एक टीम पेटी लाइन पहुंचकर हब्बू भाई से पेटी खरीदने कितने लोग आए थे, इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## जमीनी स्तर पर काम कर रहे जवानों की राय से हुए अवगत

# नक्सल ऑपरेशन के योद्धाओं से मिले शाह कहा- इलाके में डटे रहना साहस का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर क्षेत्र से आए बीएसएफ और सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। बस्तर से आए करीब 70 जवानों से उन्होंने न सिर्फ बातचीत की, बल्कि उनके साथ लंच भी किया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जवानों का मनोबल बढ़ाने और उनकी जमीनी जरूरतों को समझने का एक सराहनीय प्रयास भी रहा। अमित शाह ने जवानों से खुलकर बात की और उनके अनुभव, संघर्ष और सेवा भावना को सराहा। उन्होंने कहा, बस्तर जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में डटे रहकर देश की सुरक्षा में योगदान देना, अद्वितीय साहस और समर्पण का प्रमाण है। जवानों की प्रतिबद्धता के कारण ही नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में लगातार सफलता मिल रही है।

### नक्सलियों के खिलाफ रणनीति को लेकर जवानों से खुलकर बात



### नक्सल प्रभावित क्षेत्र के हालात की समीक्षा

*मुलाकात के दौरान गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित इलाकों में हालात की समीक्षा भी की। उन्होंने जवानों से उनकी राय और सुझाव भी लिए कि जमीनी स्तर पर किन रणनीतियों से और बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। यह स्पष्ट है कि सरकार अब नक्सलियों के खिलाफ अगली रणनीति तय करने से पहले जमीनी स्तर पर काम कर रहे जवानों की राय को प्राथमिकता दे रही है।*

### जवानों के हर कदम में हैं साथ

लंच के दौरान माहौल मजेदार रहा। बता दें कि गृह मंत्री ने जवानों के साथ लंच किया। वहीं जवानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गृह मंत्री के साथ संवाद का अवसर पाकर उत्साहित नजर आए। गृह मंत्री ने कहा, सरकार उनके हर कदम में साथ है और उनके कल्याण के लिए लगातार योजनाएं बनाई जा रही हैं।

## शाह के साथ सीएम साय वाराणसी रवाना हुए

- मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज, चार राज्यों के सीएम-मंत्री होंगे शामिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को वाराणसी में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें देश और राज्यों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। रायपुर से श्री शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी बैठक में शामिल होने वाराणसी रवाना हुए। एक आधिकारिक ⏭शेष पेज 7 पर

### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

बैठक में आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली के क्रियान्वयन तथा पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहरी नियोजन और सहकारी प्रणाली को मजबूत करने जैसे साझा हित से संबंधित विभिन्न क्षेत्रीय स्तर के मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। यह बैठक उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

### केंद्रीय गृह मंत्री परिषद के अध्यक्ष

केंद्रीय गृह मंत्री इन परिषदों के अध्यक्ष हैं तथा सदस्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री/ उपराज्यपाल/ प्रशासक इनके सदस्य हैं। इन सदस्यों में से एक सदस्य राज्य का मुख्यमंत्री (प्रत्येक वर्ष बारी-बारी से) उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करता है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल को बम विस्फोट की धमकी निकली अफवाह



**वडोदरा।** वडोदरा के समा इलाके के एक निजी स्कूल को परिसर में बम विस्फोट की धमकी वाला एक ईमेल मिला। इसके बाद सोमवार को छात्रों को स्कूल से घर भेज दिया गया। पिछले पांच महीनों में शैक्षणिक संस्थान को यह दूसरी बार धमकी मिली है।

### टैंकर पुल से नीचे खाई में गिरा, चालक की मौत



**मुंबई।** मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर टैंकर पुल की सुरक्षा रेलिंग को तोड़ते हुए खाई में गिर गया, जिसमें चालक की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि जब वाहन ठाणे की ओर जा रहा था और घोड़बंदर क्षेत्र में पुराने वर्सोवा पुल को पार कर रहा था।

### ऐश्वर्या मामले में चार करोड़ की संपत्ति कुर्क



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि ऐश्वर्या गौड़ा नामक महिला के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत चार करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। महिला पर आरोप है कि उसने 'हाई प्रोफाइल' राजनेताओं को धमकाकर कई लोगों को ठगा है।

## तेज रफ्तार कार शिवनाथ में गिरी, चालक की मौत



*युवकों ने चालक को बचाने किया भरसक प्रयास नहीं मिली सफलता*



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

बलौदाबाजार से जबलपुर जाने निकला कार चालक की वाहन शिवनाथ नदी के पुराने पूल पर अनियंत्रित हो गई और नदी में गिर गई। इस दौरान कार पानी में डूब गई और उसका दरवाजा लॉक हो गया, जिससे चालक की मौत हो गई। वहां मौजूद युवकों ने कार चालक को बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन कार में पानी भर जाने से वह रस्सी से बाहर नहीं निकल पायी। घटना सोमवार सुबह लगभग 8.30 बजे की बतायी ⏭शेष पेज 7 पर

## 'आप' ने दो सीटें बरकरार रखीं यूडीएफ ने छिनी एक सीट

चार राज्यों में पांच सीटों पर उपचुनाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चार राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में सोमवार को आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की वहीं उनकी पार्टी ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से नीलांबुर सीट ⏭शेष पेज 7 पर

### कहां कौन जीता

| | |
|---|---|
| गुजरात - भाजपा | केरल - यूडीएफ |
| गुजरात - आप | प. बंगाल - टीएमसी |
| पंजाब - आप | |

### गिनती के दौरान धमाका, बच्ची की मौत

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कालीगंज सीट पर हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती के दौरान एक देसी बम फटने से नौ साल की एक लड़की की मौत हो गई है। कालीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारोचंदगर में सोमवार दोपहर को हुए बम विस्फोट में लड़की कथित रूप से घायल हो गई थी। हालांकि, उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन वह बच नहीं सकी, उसकी मौत हो गई।

## इंडिगो एअरलाइंस की घटना, आरोप- जातिसूचक गाली दी

# ट्रेनी पायलट को कहा-तू चप्पल सिल, प्लेन उड़ाने के लायक नहीं, कैप्टन समेत तीन पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंडिगो फ्लाइट के ट्रेनी पायलट शरण ए. ने तीन वरिष्ठ अधिकारियों पर जातिवाद का आरोप लगाया है। पायलट ने कहा कि उन्होंने उससे कहा कि वह विमान उड़ाने के लिए फिट नहीं है। इसके बजाय उसे जूते सिलने चाहिए। ये पायलट एससी कैटेगरी से ताल्लुक रखता है। इस मामले पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इंडिगो के अधिकारियों तपस डे, मनीष साहनी और कैप्टन राहुल पाटिल ⏭शेष पेज 7 पर

### पुलिस बोली- होगी पूछताछ

थाना के निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार को संबंधित लोगों को जांच में शामिल होने के लिए बुलाया जाएगा। मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिन पर आरोप लगाए गए हैं, वह इंडिगो में सीनियर पद पर कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों पर एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1) (आर), 3(1) (एस) के तहत केस दर्ज किया गया है।



**इंडिगो ने आरोपों को किया खारिज :** इंडिगो ने आरोपों को खारिज कर दिया है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, इंडिगो किसी भी तरह के भेदभाव, उत्पीड़न या पक्षपात के प्रति जीरो-टॉलरेंस की पॉलिसी पर कायम है। एक समावेशी और सम्मानजनक वर्कप्लेस होने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

### पायलट ने अपनी शिकायत में क्या-क्या आरोप लगाए?

ट्रेनी पायलट ने शिकायत में 28 अप्रैल को इंडिगो के गुरुग्राम ऑफिस में हुई मीटिंग का हवाला दिया। 30 मिनट की मीटिंग के दौरान तीनों अफसरों ने जातिवादी गालियां दीं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा, 'तुम विमान उड़ाने के लायक नहीं हो, वापस जाओ और चप्पल सिलवाओ। तुम यहां चौकीदार बनने के भी लायक नहीं हो।' ट्रेनी पायलट ने कहा है कि उत्पीड़न का उद्देश्य उसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर करना था।





# छत्तीसगढ़ में नई औद्योगिक क्रांति

- स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों को विशेष अनुदान
- ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, रक्षा और एयरोस्पेस सेक्टर को विशेष पैकेज
- आधुनिक खेती से लेकर खिलौना उद्योग तक को बढ़ावा
- पर्यटन और होटल व्यवसाय को बढ़ावा
- वस्त्र क्षेत्र में निवेश पर अब 200% तक का प्रोत्साहन



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें

सुशासन से समृद्धि की ओर

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

रायपुर

मंगलवार 24 जून 2025

आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी

वर्ष : 23, अंक : 337

पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5 .00**


**मौसम**

अधि. 33.0
न्यून. 26.2


haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## ‘देशी’ के धंधे में चौथे की एंट्री अब छत्तीसगढ़ में उतरा नया ब्रांड

**तीन कंपनियों के बाद चौथा खिलाड़ी मैदान पर राज्य में देशी वाले अंग्रेजी विदेशी की टक्कर में**

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब देशी शराब के शौकीनों की मौज होने वाली है। दरअसल बरसों से एक ही तरह की देशी शराब पीने वालों के लिए अब एक नया ब्रांड सवा शेरा मार्केट में उतर आया है। राज्य में अब तक तीन निर्माताओं के ब्रांड ही प्रचलन में थे, लेकिन अब चौथा और नया ब्रांड हाजिर हो गया है। खास बात ये है कि इसकी कीमत भी अन्य ब्रांड के बराबर यानी पाव 100, अद्धा 200 और बोतल 400 रुपये की होगी। यह रेट सवा शेरा मसाला के लिए है, जबकि प्लेन के लिए कीमत 80, 160 और 320 रुपए रखी गई है।

आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में देशी शराब की मांग सप्लाई के मुकाबले अधिक है, इसे देखते हुए देशी शराब बॉटलिंग का एक और लाइसेंस जारी किया गया है। इसी लाइसेंस पर सवा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### देसी के शौकीन सबसे अधिक

आबकारी विभाग के सूत्रों की मानें तो राज्य में सबसे अधिक देशी शराब की मांग और खपत है। पीने-पिलाने के शौकीन बड़ी-बड़ी कंपनियों के महंगे ब्रांड की जगह देशी को पसंद करते हैं। छत्तीसगढ़ में देशी शराब की बिक्री के आंकड़े देखने से ये बात साफ होती है। राज्य में पिछले साल 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2024 की स्थिति में 467.02 प्रूफ लीटर देशी शराब बिकी है। एक प्रूफ लीटर का मतलब 100 लीटर होता है। यानी देशी पीने वाले साल भर में पौने पांच लाख लीटर से अधिक शराब पी गए। हाल के वर्षों में किए गए सर्वेक्षणों और समाचारों के अनुसार, छत्तीसगढ़ भारत के उन राज्यों में शुमार है, जहां शराब की ▶▶| शेष पेज 7 पर



### हाथ भट्ठी की भी छलकती है छत्तीसगढ़ में

छत्तीसगढ़ में केवल ब्रांडेड देशी, अंग्रेजी, विदेशी शराब ही नहीं बल्कि घर में बनाई गई हाथ भट्ठी की शराब पीने का प्रचलन है और बाकायदा इसके उपयोग की अनुमति भी सरकार देती है। राज्य में अनुसूचित जनजाति (आदिवासी) समुदाय के लोगों को विनिर्मित देशी शराब मदिरा रखने की प्रति परिवार लिमिट 5 लीटर है। सामाजिक धार्मिक उत्सवों पर शराब के उपयोग की लिमिट तय है। इसी तरह एससी-एसटी वर्ग के लिए धार्मिक उत्सवों पर चावल या ज्वार से निर्मित लांदा एवं हंडिया तथा महुआ से निर्मित हाथ भट्ठी शराब पांच लीटर तक बनाकर रख सकते हैं। इसके परिवहन के लिए पास की जरूरत इन्हें नहीं होती है।

## अहातों से भरेगा सरकार का खजाना शराब दुकानों के पास ही पीने का इंतजाम, अगले साल के लिए भी टेंडर

- ऑनलाइन सिस्टम से की जाएगी नीलामी
- सरकारी खजाने में 100 करोड़ की आवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब के कारोबार से सरकारी खजाने को राजस्व के रूप हजारों करोड़ की एक बड़ी राशि हर साल मिलती है। यही नहीं, अब शराब दुकानों के पास बनाए जाने वाले अहातों से भी सरकार के खजाने में करोड़ों रुपए आने वाले हैं। दरअसल आबकारी विभाग ने हर दुकान के पास बनाए जाने वाले अहातों की नीलामी के लिए टेंडर निकाल दिया है। अब पीने वाले दुकान से खरीदकर वहीं पीने का मजा ले पाएंगे।

▶▶| शेष पेज 7 पर

### ऑनलाइन सिस्टम चालू होगा 30 जून से

आबकारी विभाग के अनुसार ऑनलाइन पद्धति से निविदा जमा करने के लिए 30 जून की सुबह 10 बजे से सिस्टम चालू होगा। इस अवधि में निविदा ऑनलाइन माध्यम से 24 घंटे सात दिन किए जा सकेंगे। पहले आओ पहले पाओ की नीति के तहत किसी देशी विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से जुडे अहाता, अहातों के समूह के लिए प्रथम निविदा पत्र प्राप्त होते ही ऑनलाइन पोर्टल पर उस दुकान के अहाता, अहातों के समूह के लिए निविदा की प्रक्रिया स्वतः अवरुद्ध हो जाएगी। जिला स्तरीय समिति द्वारा अहाता, अहातों के समूह के व्यवस्थापन से संबंधित अगली कार्यवाही की जाएगी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के परिसर में आग

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट परिसर में सोमवार तड़के आग लग गई। इस हादसे में लेडीज़



बार रूम पूरी तरह नष्ट हो गया, जबकि दो आसपास के कक्षों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इस आग से लगभग 35 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### किशोर को घाघरा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**गोंडा।** गोंडा जिले में घाघरा नदी के किनारे भैंस नहला रहे एक किशोर को मगरमच्छ ने नदी में



खींच लिया। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। हादसा रविवार की शाम को उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर गांव में हुआ।

### स्वर्ण आभूषण के आपूर्तिकर्ता से लाखों की धोखाधड़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने सोने के आभूषण की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति से 93.5



लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक जौहरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपी की शाहपुर क्षेत्र के खरदी में एक दुकान है। उसने पिछले तीन वर्षों में आपूर्तिकर्ता से 950 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे हैं।

### 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न, शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के एक सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक



शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी, जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया।

### कमरे की छत गिरने से दंपति की मौत

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक कमरे की छत ढह जाने से एक दंपति की



मौत हो गई। यह घटना रविवार रात रसोइधमना गांव में उस समय हुई जब दंपति कमरे में सो रहा था। दुर्घटना में जान गंवाने वालों की पहचान हदीस अंसारी (52) और उनकी पत्नी जमीरा खातून (48) के रूप में हुई है।

## कई देशों के एयरस्पेस बंद, भारतीय उड़ानों पर भी असर

# इजरायल ने फिर किया हमला, ईरान ने कतर के अमेरिकी एयरबेस पर बरसाईं मिसाइलें

**कतर में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान का हमला, दोहा में गिरी मिसाइलें, वॉशिंगटन तक हड़कंप**

एजेंसी ▶▶| दुबई

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने युद्ध का विस्तार करते हुए देश की कुख्यात तेहरान जेल के गेट तथा हाल के विरोध-प्रदर्शनों को दबाने वाले सैन्य बल के मुख्यालय पर हमला किया। तेहरान के ऊपर घने धुएं के गुबार उठने के साथ ही इजराइल पर ईरानी मिसाइलों और ड्रोन की एक और बौछार की गई। इधर, ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया।

संघर्ष के 11वें दिन, इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान के बीचोंबीच स्थित सरकारी ठिकानों और दमनकारी सरकारी निकायों पर हमला किया। साथ ही इजराइल के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे ईरान की सरकार को उखाड़ फेंकना नहीं चाहते जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से उनकी कट्टर दुश्मन रही है। इजराइल की सेना ने ईरानियों को चेतावनी दी है कि वह ‘‘आने वाले दिनों’’ में तेहरान के आस-पास के सैन्य ठिकानों पर हमला करना जारी रखेगी।

*ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद इजरायल ने फिर से हमला कर दिया है। इस बार इजरायल ने तेहरान की सरकारी इमारतों और कुख्यात एविन जेल को भी निशाना बनाया है। इधर, सोमवार की रात ईरान ने बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागी।*

### खास बातें

- भारत ने जारी की एडवाइजरी
- कतर/ यूएई ने भी बंद किया एयरस्पेस
- इराक में अल-असद एयरबेस पर हाई अलर्ट



### ईरान के किन-किन ठिकानों पर हुआ हमला?

- **बसीज मुख्यालयः** इस्लामी क्रांति गार्ड बल की सबसे शक्तिशाली इकाइयों में से एक बसीज है। यह संगठन न केवल हथियारबंद बल है, बल्कि यह इस्लामी कानून को लागू करने, लोगों पर नजर रखने और सरकार को रिपोर्ट करने का भी काम करता है।
- **अल्बोर्ज कोरः** यह ईरान के तेहरान जिले के कई शहरों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है। ईरानी शासन की स्थिरता बनाए रखने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे भी हमले में निशाना बनाया गया।
- **इंटेलिजेंस और जनरल सिक्योरिटी पुलिसः** यह बल ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है और शासन के आदेशों को लागू करने में अहम भूमिका निभाता है। आईडीएफ ने इसे भी सैन्य बल का एक अंग बताया है और कहा कि यह हमला ईरानी सरकार की सैन्य और खुफिया क्षमताओं को कमजोर करने के उद्देश्य से किया गया।

**रूस का आश्वासन**

### पुतिन ने ईरान को दिया मदद का भरोसा



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा हमले किए जाने के बाद आया है।

**अमेरिका की चेतावनी**

### सत्ता परिवर्तन ही अगला कदम



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में शासन परिवर्तन की संभावना जताई। यह भी दोहराया कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु संवर्धन स्थलों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उन्होंने इस दावे को सटीक बताते हुए कहा कि यह शब्द पूरी तरह उचित है।

**पाकिस्तान का तंज**

### भारत जैसा इजरायल ने किया हमला



पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की।

## आतंकियों को दी शरण पांच दिन की एनआईए रिमांड पर दो आरोपी

एजेंसी ▶▶| जम्मू



दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है। एनआईए ने रविवार को दो आरोपियों पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

### आतंकियों को दी थी पनाह

एनआईए की जांच के अनुसार, परवेज और बशीर ने हमले से पहले जानबूझकर तीन सशस्त्र आतंकवादियों को हिल पार्क स्थित झोपड़ी में पनाह दी थी। आतंकवाद रोधी संघीय एजेंसी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद की मदद की थी।

### एक आतंकी की पहचान

इधर, पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। एनआईए की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आई थी।

## महिला-दो मासूमों की हत्या कर रेत में कर दिया दफन



**नशे में हुआ खुलासा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के तपकरा थाना अंतर्गत साजबहार गांव से एक दिल दहला देने वाली हत्या का मामला सामने आया है। संदेही प्रमोद गिद्धी ने एक महिला और उसके दो मासूम बच्चों की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने तीनों की हत्या करने के बाद बच्चों के शव को नदी के किनारे रेत में दफन कर दिया था। वहीं, महिला के शव को नदी से कुछ दूरी में ले जाकर पत्तों से ढंककर फरार हो गया है। पुलिस को नदी के किनारे शव मिलने की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचकर दोनों बच्चों एवं मां के शव को बरामद कर अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों का अभी पता नहीं चला है। शव बरामद होने के बाद पुलिस सभी पहलुओ पर जांच कर रही है।

**मौके पर जांच करने पहुंची टीम**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी व्यक्ति नशे में धूत था और गांव में घूम-घूम कर लोगों को बता रहा था कि वह महिला और उसके दो बच्चों को मारकर साजबहार के उतियाल नदी के किनारे दफन कर दिया था। नशे में धूत व्यक्ति के द्वारा गांव में हल्ला करने पर इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। पुलिस को सूचना मिलने पर तपकरा पुलिस की टीम मौके पर पंहुचकर मामले की जांच शुरु की तो नदी के किनारे 6 वर्षीय बालक और 14 वर्षीय बच्ची का शव रेत से बरामद हो गया था। वहीं कुछ दूरी पर झाड़ियों में बच्चों की मां का शव भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है।

### हत्या के कारणों पर अब भी सस्पेंस

फिलहाल इस जघन्य हत्या के पीछे की असल वजह सामने नहीं आ सकी है। एसएसपी शशि मोहन सिंह का कहना है कि हत्या का कारण जांच का विषय है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर नशे की आदत और मानसिक अस्थिरता को संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन अभी तक किसी भी ठोस कारण की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी कोणों से जांच कर रही है। एफएसएल टीम घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्रित कर रही है, जबकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकती है।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

## सोनम-राज के नार्को टेस्ट के लिए हाईकोर्ट जाएगा परिवार

एजेंसी ▶▶| इंदौर

हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने कहा कि उनका परिवार इस बहुचर्चित हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह का ‘नार्को टेस्ट’ कराने के लिए मेघालय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यहां कहा, मेरे भाई की हत्या का मकसद अब तक अस्पष्ट है। इसके बारे में सोनम और कुशवाह के ‘नार्को टेस्ट’ से सुराग मिल सकता है।



### पत्नी समेत सात गिरफ्तार

इस मामले में उनकी पत्नी सोनम और कुशवाह समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। राजा रघुवंशी, मेघालय में हनीमून के दौरान 23 मई को लापता हो गए थे। उनका क्षत-विक्षत शव सोहरा क्षेत्र में एक झरने के पास गहरी खाई में दो जून को मिला था।

**11 राज्यों में फैलाई दहशत**

## जिस पर आया दिल उसकी शादी हो गई, तो देने लगी बम की धमकियां

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पुलिस ने चेन्नई की रेनी जोशिल्डा नाम की लड़की को गिरफ्तार किया है। रेनी रोबोटिक्स में क्वालिफाइड हैं और डेलॉयट में सीनियर कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं।

रेनी ने एकतरफा प्यार में पड़कर देशभर में झूठी बम धमकियों का जाल बिछाया। जेसीपी क्राइम ब्रांच शरद सिंघल ने बताया कि रेनी का दिल दिविज ▶▶| शेष पेज 7 पर



### 11 राज्यों की पुलिस के रडार पर

यह मामला सिर्फ गुजरात तक सीमित नहीं था। 11 राज्यों की पुलिस इस साइबर अपराधी को ट्रैक करने में जुटी थी। रेनी के पास से कई डिजिटल और कागजी सबूत बरामद हुए हैं, जिससे एक बड़े साइबर क्राइम मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ है।

### एक गलती ने पकड़वा दिया

शरद सिंघल ने बताया, रेनी की एक गलती ने हमें उस तक पहुंचाया। उसने सोचा था कि डार्क वेब पर वह अछूती रहेगी, लेकिन हमारी साइबर क्राइम यूनिट की पैनी नजर ने उसे जाल में फंसा लिया। यह गिरफ्तारी साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी जीत है।

**चार जुलाई से तीन दिवसीय बैठक**

## दिल्ली में जुटेंगे संघ के 46 प्रांतों के वरिष्ठ प्रचारक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 46 प्रांतों के वरिष्ठ प्रचारक अगले महीने यहां संघ कार्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक बैठक में भाग लेंगे। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों में हाल में संपन्न संगठन के प्रशिक्षण शिविरों के परिणामों की रिपोर्ट पेश की जाएगी और उसकी समीक्षा की जाएगी। आरएसएस के संगठनात्मक ढांचे के अनुसार, कुल 11 क्षेत्र और 46 प्रांत हैं। प्रत्येक क्षेत्र में आरएसएस के तीन से चार प्रांत शामिल हैं। बैठक में आरएसएस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ये होंगे शामिल

इस बैठक में मुख्य रूप से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह (संयुक्त महासचिव)- डॉ. कृष्णगोपाल, सी आर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, अतुल लिमये और आलोक कुमार, सभी राष्ट्रीय स्तर के कार्य विभाग प्रमुख और अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य शामिल होंगे।



**कार्यों की समीक्षा और तय होंगे आगामी कार्यक्रम**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचार एवं मीडिया विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि आगामी बैठक के एजेंडे में संपन्न आरएसएस प्रशिक्षण शिविरों के बारे में रिपोर्ट और समीक्षा, आगामी वर्ष भर चलने वाले आरएसएस शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का विवरण हैं।

### देशभर में आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर

मार्च 2025 की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) के बाद, अप्रैल, मई और जून में देश भर में आरएसएस के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय की बैठक और विभिन्न प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए। आंबेकर ने कहा कि आरएसएस के शताब्दी वर्ष (2025-26) के कार्यक्रम विजयादशमी से शुरू होंगे, जो 2 अक्टूबर को है और अगले साल की विजयादशमी तक जारी रहेंगे।

*ईरान की इजराइल व अमेरिका के साथ जंग चल रही है। इस दौरान, ईरान में पढ़ाई करने गए भारतीय छात्रों व लोगों को एक-एक कर सुरक्षित लाया जा रहा है। युद्धग्रस्त मुल्क से लौटने वाले भारतीय छात्रों ने अपने साथ घटित घटनाओं के बारे में बताया है। हाल ही में ईरान से लौटीं सईदा फैजे जैनब ने वहां का सूरते हाल बयां किया।*

# मौत के साए से लौटे, लगा हमारी जिंदगी की ये आखिरी रात

## ईरान में जंग का भयानक मंजर देखकर लौटे भारतीय छात्रों ने सुनाई आपबीती

### ईरान से भारतीयों का लौटना जारी वापसी पर बयां कर रहे दर्द

### बीती रात 285 लोगों को भारत लाया गया सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेहरान के डिस्ट्रिक्ट 6 में रहने वाली सईदा को अपने हॉस्टल में मची अफरातफरी याद है। जहां वह अपनी जान बचाने की उम्मीद के साथ भागकर बेसमेंट में छिप रही थीं। सईद ने बताया, 'चारों तरफ बमबारी और विस्फोटों की आवाजें थीं। हमें अपनी जान बचाने के लिए बेसमेंट में छिपना पड़ा। हमें लगा कि हम मर जाएंगे। हमें लगा ये हमारी जिंदगी की आखिरी रात होगी।' 'धमाकों की आवाज से हम सो नहीं पा रहे थे। ये बहुत डरावना समय था।' फिर भारतीय दूतावास ने छात्रों को तेहरान से कोम और यज्द जैसे शहरों में भेजना शुरू कर दिया। वे लोग रिस्पांसिव थे। हमने जब भी फोन किया, उन्होंने उठाया। उन्होंने हमें शहर से बाहर करने और रहने में काफी मदद की।



**वो तारीख वह समय कभी नहीं भूलूंगा**

इसी तरह, अलीपुर, कर्नाटक के रहने वाले सैय्यद मोहसिन रजा भी उन भारतीय छात्रों में शामिल हैं, जो ईरान से सुरक्षित वापस लौटे हैं। मोहसिन ने कहा, '13 जून को शाम के 3:30 बज रहे थे, मैं उस तारीख को कभी नहीं भूलूंगा, मैं उस समय को कभी नहीं भूलूंगा। हमारे हॉस्टल से सिर्फ एक किलोमीटर की दूरी पर मिसाइलें दागी गईं। एक धमाके की आवाज आई, जैसे कि बिजली गरज रही हो। पहले तो हमें समझ में नहीं आया कि क्या हुआ था, लेकिन फिर हमें एहसास हुआ कि ये मिसाइल हमला था। हम हैरान थे, हिल गए थे, समझ नहीं पा रहे थे कि क्या करें।'

### अपनी आंखों के सामने देखा मिसाइल चलते

मोहसिन शाहिद बेहेश्ती यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कर रहे थे। वह फर्स्ट ईयर में हैं, लेकिन अब उन्हें भारत लौटना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इजरायली हमलों की वजह से तेहरान में इमारतें थर्राने लगीं। सिर्फ इतना ही नहीं, शॉकवेव से दीवारें कांप रही थीं। कई इमारतों की खिड़कियां भी टूट गईं। हमारे सामने वाली बिल्डिंग हिल रही थी। हमने मिसाइल और एयर डिफेंस सिस्टम को अपनी आंखों से देखा। उसके बाद, हमने भारतीय दूतावास से संपर्क किया और इसके बाद हम भारत पहुंचे।

### अब तक 1713 भारतीयों की सुरक्षित वापसी

*ईरान और इजराइल के बीच युद्ध बढ़ता जा रहा है। इजराइल और ईरान दोनों ही देश एक से बढ़कर एक हमले कर रहे हैं। ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को ऑपरेशन सिंधु के तहत बीती रात 285 लोगों को सुरक्षित भारत लाया गया। देर रात एक स्पेशल प्लेन के जरिए भारतीय नागरिकों को दिल्ली लाया गया। वापस लौटे भारतीयों को भारत की विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर रिसीव किया। फंसे भारतीय नागरिकों की भारत में सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार ने 18 जून को ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत की थी। 1713 भारतीयों को अब तक ऑपरेशन सिंधु के तहत सुरक्षित स्वदेश लाया गया है।*

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल ने राज्यसभा जाने से किया इंकार



**नई दिल्ली।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत हुई। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से पूछा गया कि क्या आप अब राज्यसभा जाएंगे तो उन्होंने स्पष्ट किया, 'मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति तय करेगी कि कौन राज्यसभा जाएगा।' विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सभी को बधाई दी।

### सिंधु जल विवाद : ओआईसी ने मिलाया पाक से सुर

**इस्तांबुल।** इस्लामी सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की परिषद ने भारत-पाक के सिंधु जल समझौतों को जारी रखने पर जोर दिया है। 57 इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी की तुर्की के इंस्ताबुल में रविवार को हुई बैठक में सिंधु जल संधि सहित पाक-भारत के बीच द्विपक्षीय समझौतों का सख्ती से पालन करने का आह्वान दोनों पक्षों से किया गया है। सीएफएम ने सिंधु समझौते के अलावा कश्मीर मुद्दे पर भी पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया है। सीएफएम ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, ओआईसी के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुसार कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय अधिकार के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं।

### तेजप्रताप ने कहा- 'मेरी जान को खतरा है'



**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। लालू यादव के बड़े बेटे व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मीडिया के सामने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनकी जान को खतरा है। तेज प्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए, क्योंकि मेरी जान को खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी बिहार की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है।

### मानव तस्करी : 32 लड़के कराए गए रिहा

**देहरादून।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यहां नेपाल से बहला-फुसलाकर लाए गए 32 लड़कों को एक घर में बंद करके जबरन कंपनी के प्रोडक्ट्स बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा था. पुलिस ने उन सभी को रिहा कराते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली स्थित एक कंपनी पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। नेपाल दूतावास की शिकायत के आधार प शनिवार को उत्तराखंड पुलिस की एक टीम ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया।

### स्वतंत्र रिपोर्टों में सामने आई है यह जानकारी

# जी7 समिट में ट्रंप को मिली थी धमकी- अमेरिका पर अटैक को तैयार बैठे हैं ईरानी 'स्लीपर सेल'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए भीषण हवाई हमलों ने ईरान-इजरायल युद्ध को और भयावह कर दिया है। खुफिया रिपोर्ट है कि ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इन हमलों से पहले एक गंभीर चेतावनी दी थी कि यदि अमेरिका ने युद्ध में हस्तक्षेप किया, तो अमेरिका के भीतर 'स्लीपर सेल' ऐक्टिव किए जा सकते हैं। ट्रंप को यह संदेश कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक मध्यस्थ के माध्यम से पहुंचाया गया था। यह जानकारी एनबीसी और अन्य स्वतंत्र रिपोर्टों में सामने आई है। बता दें, हाल में अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया है। अमेरिकी अटैक के बाद अब वाइट हाउस और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) अब पूरी तरह सतर्क है। अमेरिकी सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) ने कहा है कि 'ईरानी स्लीपर सेल्स का ख़तरा पहले से कहीं अधिक है।' हालांकि फिलहाल तक किसी ठोस साजिश का प्रमाण नहीं मिला है, लेकिन रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 'हज़ारों ईरानी नागरिकों को हाल के महीनों में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते हुए दर्ज किया गया है।'

**अमेरिकी अटैक के बाद अब एफबीआई है पूरी तरह सतर्क**

**ईरान का चल रहा है इजराइल व अमेरिका से युद्ध**

### हमले से पहले निगरानी

एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने हमले से पहले ही अमेरिका में मौजूद संभावित ईरानी एजेंटों की गुप्त निगरानी के आदेश दे दिए थे। यह निर्णय उस समय लिया गया जब ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि युद्ध में घसीटा गया, तो जवाब अमेरिका के अंदर से भी मिल सकता है।



### अमेरिका में सक्रिय हैं ये संगठन

शनिवार को अमेरिका ने फोर्डो, नतांज और इस्फ़हान स्थित ईरान के तीन प्रमुख यूरेनियम संवर्धन केंद्रों पर हमले किए। यह हमला बंकर-भेदी बमवर्षकों और मिसाइलों के माध्यम से किया गया और इसे अमेरिकी सेना ने "पूरी तरह सफल" बताया। कहा जा रहा है, ईरान भी स्लीपर सेल के जरिये अमेरिका को निशाना बनाने की फिराक में है। आपको बता दें, 'स्लीपर सेल' वे गुप्त एजेंट होते हैं जो किसी देश में सामान्य जीवन जीते हैं और गुप्त रूप से जासूसी, हमला या तोड़फोड़ करने के लिए तैयार रहते हैं। ये बाहरी तौर पर किसी आम नागरिक की तरह जीवन बिताते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर इन्हें सक्रिय किया जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह संगठन से जुड़े संभावित स्लीपर सेल पहले से मौजूद हैं।

### इधर, पूर्व क्राउन प्रिंस का दावा

#### खामेनेई ईरान छोड़कर भागने की फिराक में



ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई पर सोमवार को जोरदार निशाना साधा। पेरिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उन्होंने दावा किया कि ईरान का इस्लामिक गणराज्य ढह रहा है और खामेनेई सहित दूसरे नेता देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई को संबोधित करते हुए कहा, 'आप पद छोड़ दें। अगर ऐसा करते हैं तो आपको निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी प्रक्रिया का अधिकार मिलेगा।' पहलवी ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिमी देश इस शासन को समर्थन देते हैं तो इससे और खूनखराबा व अराजकता फैलेगी, क्योंकि यह शासन अपमान के बाद आत्मसमर्पण नहीं करेगा। पूर्व क्राउन प्रिंस ने कहा कि वह राजनीतिक सत्ता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि इस संकटकाल में ईरान को शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक परिवर्तन की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानी सेना और सुरक्षा बलों से अपील की कि वे पतन हो रहे शासन का साथ न दें। वे लोगों के साथ मिलकर इतिहास में अहम भूमिका निभाएं। पहलवी ने दावा किया कि शासन के कमांड और नियंत्रण ढांचे तेजी से टूट रहे हैं।

# घंटे तक प्लेन में फंसे रहे यात्री, जयपुर से दुबई की फ्लाइट रद्द




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी खराबी के चलते जयपुर से दुबई जाने वाली एक फ्लाइट रद्द कर दी गई है। इस विमान में टेक ऑफ से ठीक पहले गड़बड़ी महसूस की गई। इसके बाद प्लेन को ठीक करने की सारी कोशिशें विफल रहीं। ऐसे में एयरलाइन ने की फ्लाइट IX-195 कैंसिल करने का फैसला किया।

यह फ्लाइट जयपुर से सुबह 5:30 बजे दुबई जाती है। सोमवार के दिन सुबह छह बजे फ्लाइट दुबई रवाना हो रही थी। प्लेन बोर्डिंग के बाद टैक्सी-वे तक चला गया था। इसके बाद कैप्टन को तकनीकी खराबी पता चली। करीब 4 घंटे तक प्लेन को ठीक करने की कोशिश की गई, लेकिन प्लेन सही नहीं हुआ। इस दौरान यात्री प्लेन के अंदर ही बैठे रहे। सूत्रों के मुताबिक कॉकपिट से जुड़ी थी तकनीकी खामी थी, जिसके कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सभी पैसेंजर्स को रिफंड देने का फैसला किया है।

### अहमदाबाद हादसे के बाद सतर्क हुईं एयरलाइंस

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया था, इसमें 241 लोग मारे गए। इस घटना के बाद से एयर इंडिया समेत कई अन्य एयरलाइन विमानों में जांच को लेकर सख्ती बरत रही हैं।

## ड्रग्स के सौदागर...



**जकार्ता।** इंडोनेशिया में बड़ी संख्या में धरपकड़ अभियान चलाकर ड्रग्स और इस कारोबार में लिप्त लोगों को पकड़ा गया है। राजधानी जकार्ता स्थित इंडोनेशियाई सीमा शुल्क मुख्यालय में सोमवार को आरोपियों व मादक द्रव्य के साथ अफसर। गौरतलब है, इंडोनेशिया में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार होता है। दुनियाभर में यह बदनाम है। यहां माफिया महिलाओँ खासतौर से कमसिन लड़कियों के जरिये ड्रग्स की तसकरी को अंजाम देते हैं।

# हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में पंचायत चुनाव पर लगाई रोक

### रोटेशन की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं है आरक्षण

एजेंसी ▶▶| देहरादून

हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान पाया कि आरक्षण रोटेशन की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से पूरे मामले में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने यह निर्णय बागेश्वर निवासी गणेश दत्त कांडपाल एवं अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार ने 9 जून 2025 को पंचायत चुनावों के लिए नई



नियमावली जारी की और 11 जून को एक आदेश के जरिए पहले लागू आरक्षण रोटेशन को शून्य घोषित करते हुए नई रोटेशन प्रक्रिया लागू कर दी।

### अदालत का सख्त एक्शन

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को अदालत ने राज्य सरकार को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सरकार इस पर संतोषजनक जवाब देने में विफल रही। इसके विपरीत, राज्य सरकार ने मामले के न्यायालय में लंबित रहने के बावजूद चुनाव की तिथियां घोषित कर दीं। इस पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

### याचिकाकर्ताओं का आरोप

*याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस नए आरक्षण रोटेशन के चलते कुछ सीटें जो पहले ही तीन बार आरक्षित रह चुकी थीं, उन्हें इस बार भी आरक्षित कर दिया गया है, जिससे वे पंचायत चुनावों में भाग लेने से वंचित हो गए हैं।*

### राज्य सरकार की दलील

*राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इसी तरह के कुछ मामले हाईकोर्ट की एकलपीठ में भी विचाराधीन हैं। जबकि याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि खंडपीठ के समक्ष 9 जून को जारी नियमावली को चुनौती दी गई है, जबकि एकलपीठ में केवल 11 जून के आदेश को चुनौती दी गई है।*

### इंडियन रैपर ने टॉमी जेनेसिस के नए म्यूजिक वीडियो पर उठाया सवाल

# कनाडाई रैपर ने किया हिंदू धार्मिक भावनाओं को आहत

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

इंडियन रैपर रफ्तार ने कनाडाई रैपर टॉमी जेनेसिस पर उनके नए म्यूजिक वीडियो 'ट्रू ब्लू' में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। इस म्यूजिक वीडियो के कुछ सीन सामने आए हैं, जिनमें रैपर टॉमी के लुक को देखकर लोग भड़क गए हैं और उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा रहे हैं। वीडियो में रैपर काफी सेंसेशनल और अश्लील डांस मूव्स किए हैं। इसी पर रफ्तार ने अब नाराजगी जताते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है।




### फैंस से की वीडियो को रिपोर्ट करने की अपील

रफ्तार ने सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए इसे हिंदू धर्म का मजाक बताया। उन्होंने अपने फैंस से इस वीडियो को हर प्लेटफॉर्म पर अधिक से अधिक मात्रा में रिपोर्ट करने की भी अपील की। उन्होंने कहा यह सही नहीं है, इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने वीडियो को फ्लैग करने का कारण बताते हुए कहा, 'यह मेरे धर्म का मजाक है। ऐसा नहीं होना चाहिए।'

### सोशल मीडिया पर लोग कर रहे आलोचना

इस नए म्यूजिक वीडियो में रैपर टॉमी जेनेसिस का जो लुक है, उस पर विवाद शुरू हुआ है। वीडियो में टॉमी अलग-अलग तरह के कुछ सामान भी लिए हुए हैं। इसके साथ वो सेंसेशनल और उत्तेजक डांस कर रही हैं। यह क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोग इस वीडियो की आलोचना कर रहे हैं और कनाडाई रैपर को ट्रोल करते हुए इसे धार्मिक भावना का अपमान बता रहे हैं। इस वीडियो को भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म का अपमान बताकर निशाने पर लिया जा रहा है।

### कला और क्रिएटिविटी के नाम पर अश्लीलता

सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के अन्य देशों में भी इस वीडियो की आलोचना की जा रही है। इसे आर्ट और क्रिएटिविटी के नाम पर धार्मिक भावनाओं को आहत करना कहा जा रहा है। लोगों का मानना है कि इस वीडियो में हिंदू प्रतिमाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है, जिससे उन्हें अपमानित किया गया है।

### मिट्टी डालने को लेकर हुआ था विवाद

# आईएएस पर हत्या के प्रयास मामले में एफआईआर दर्ज

एजेंसी ▶▶| जालंधर

पंजाब के जालंधर में आईएएस अधिकारी बबीता कलेर पर हत्या के प्रयास को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि उनके पति स्टीफन कलेर और निजी सुरक्षा अधिकारी सुखकरण सिंह पर भी मामला दर्ज किया गया है। दरअसल मामला जालंधर के पीआईएमएस अस्पताल के पास पॉश इलाके की एक जमीन पर मिट्टी डालने को लेकर विवाद शुरू हुआ। जिसके बाद बबीता कलेर के निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) ने प्लॉट मालिक को गोली मार दी। आईएएस बबीता के पति पंजाब की सत्तारुढ़



दल आम आदमी पार्टी के नेता है। जबकि पंजाब सरकार द्वारा उनको मिली सुरक्षा के तहत सुखकरण सिंह तैनात हैं। इस मामले में पुलिस ने सुरक्षा अधिकारी सुखकरण सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल हथियार को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने सुखकरण सिंह को निलंबित करने के लिए विभाग को सिफारिश भी भेज दी है।

# अमेरिकी एडवाइजरी को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

यूएस ने एक एडवाइजरी जारी की है, इसमें अपने देश के नागरिकों से कहा है कि भारत में महिलाओं को अकेले नहीं घूमना चाहिए। इसमें कुछ राज्यों का जिक्र है, जिसमें छत्तीसगढ़ का भी नाम है। इसे लेकर सियासी पारा गरम है। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव ने इस पर सवाल उठाया है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अमेरिका की एक यात्रा सलाह के बारे में पूछा है। यात्रा सलाह में अमेरिकी नागरिकों, खासकर महिलाओं को भारत में अकेले यात्रा करने के खिलाफ चेतावनी दी गई है। इसमें छत्तीसगढ़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाने से भी बचने को कहा गया है। सिंहदेव ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार दोनों पर निशाना साधा है।

### पोस्ट कर भूपेश और सिंहदेव ने कहा- अमृत काल का यही सच







### ट्रंप से दोस्ती का ऐसा सिला? : भूपेश

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार को जमकर घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, क्या यह अमृत काल है, अमेरिकी सरकार ने अपने नागरिकों के लिए भारत के छह राज्यों में यात्रा न करने की चेतावनी जारी की है, जिसमें हमारा छत्तीसगढ़ भी शामिल है। प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से दोस्ती का ऐसा सिला?

### केंद्र और राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर धब्बा : टीएस

टीएस सिंह देव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अमरिकी सरकार ने साफ कहा है कि महिलाओं को भारत में, खासकर छत्तीसगढ़ में अकेले नहीं घूमना चाहिए। क्यों? क्योंकि यहां बलात्कार, हिंसा और आतंकवाद बेकाबू हैं। यह केंद्र में मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के तहत कानून और व्यवस्था की स्थिति पर एक धब्बा है। सिंहदेव ने बेटी बचाओ अभियान को सिर्फ एक नारा और पोस्टर तक सीमित बताया। उन्होंने कहा कि यह दोनों सरकारों की सामूहिक विफलता है, जिसने अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को खराब कर दिया है।

### यूएस एडवाइजरी में क्या है?

अमेरिकी विदेश विभाग की यात्रा सलाह विशेष रूप से अपने नागरिकों, खासकर महिलाओं को भारत में अकेले यात्रा करने के खिलाफ चेतावनी देती है। इसमें बलात्कार और यौन हिंसा की बढ़ती घटनाओं का हवाला दिया गया है, खासकर पर्यटक स्थलों, ट्रांजिट सेंटर, बाजारों और शॉपिंग मॉल में। सलाह में आगे छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और पूर्वी महाराष्ट्र जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में यात्रा करने के खिलाफ भी चेतावनी दी गई है। इसकी वजह माओवादी विद्रोह है। मणिपुर में भी जाने से मना किया गया है, क्योंकि वहां हिंसक अशांति और अपराध की दर बहुत ज्यादा है। अमरीकी सरकार ने यह भी कहा है कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में आपातकालीन सहायता प्रदान करने की उसकी क्षमता सीमित है। इससे अकेले यात्रा करने वालों, खासकर महिलाओं के लिए जोखिम और बढ़ जाता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास के नाम पर फोटो खींचने के बहाने महिला के जेवर चोरी किए

**महासमुंद।** पीएम आवास की तस्वीर लेने के नाम पर एक बार फिर एक महिला ठगी का शिकार हो गई। जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मोंगरा में बुधवार को घटित घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। बता दें कि फोटो खींचने के नाम पर आरोपियों ने एक महिला के घर से 39 हजार के गहने चोरी कर लिए। ग्राम मोंगरा निवासी पुनियाबाई ध्रुव के घर से अज्ञात आरोपियों ने सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर ली। महिला ने एफआईआर में पुलिस को बताया कि वह ग्राम मोंगरा वार्ड नंबर 01 की निवासी है और 18 जून की सुबह करीबन 9 बजे वह और उसकी ननतीन चुम्मन ध्रुव के साथ घर से लगी हुई बाड़ी में काम कर रहे थे। उसी समय मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये और अपने आप को प्रधानमंत्री आवास संबंधित अधिकारी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास में नाम आया है, इसलिये आपका फोटो खींचना है।

### म्यूल एकाउंट में मिले साढ़े सात लाख, दो गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** म्यूल एकाउंट के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया गया कि एक्सीस बैंक के खाताधारकों द्वारा छलपूर्वक एवं सायबर अपराध व धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7.77,599.00 रुपए को छुपाने एवं उपयोग किया गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का घटित पाए जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। टीआई एमन साहू ने बताया कि प्रकरण विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान 25 साल निवासी तुमडीबोड को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के खाताधारक लोकेन्द्र बंजारे ग्राम पिनकापार का पता तलाश किया गया।

### अनुशासनहीनता पर कार्रवाई न होने पर बैज को भी लिया आड़े हाथ, कहा,जो लोग मेरे खिलाफ बयान देते हैं, उनके साथ चाय पीते हैं

# कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में भड़के बघेल, अपनों पर ही उठाए सवाल, अध्यक्ष को भी घेरा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जमकर भड़के। उन्होंने अनुशासनहीनता के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। राज्य के बड़े नेताओं की चुप्पी को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अध्यक्ष दीपक बैज को घेरते हुए कहा कि पार्टी में जो लोग उनके खिलाफ बयान देते हैं, उन्हीं लोगों के साथ अध्यक्ष चाय पीते हैं। राजीव भवन में आज कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में यह बैठक आयोजित थी। बैठक में नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित कई पूर्व मंत्री, कई पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

# देश के टॉप-50 निजी तकनीकी संस्थानों में रूंगटा यूनिवर्सिटी को 25वां स्थान



■ इंडिया टुडे की रैंकिंग में भिलाई के संस्थान ने दर्ज कराई मजबूत उपस्थिति

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ का अग्रणी तकनीकी शिक्षा संस्थान रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज ने शिक्षा जगत में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश की प्रतिष्ठित पत्रिका इंडिया टुडे द्वारा जारी देश के 50 सर्वश्रेष्ठ निजी इंजीनियरिंग संस्थानों की सूची में रूंगटा यूनिवर्सिटी को 25वां स्थान प्राप्त हुआ है। इंडिया टुडे ने देशभर के कुल 1,358 निजी इंजीनियरिंग संस्थानों की गुणवत्ता, सुविधाएं, प्लेसमेंट और शिक्षण स्तर का सूक्ष्म मूल्यांकन कर यह रैंकिंग जारी की है।

इस सूची में मेट्रो शहरों के कई नामचीन कॉलेजों को पछाड़ते हुए भिलाई स्थित रूंगटा यूनिवर्सिटी ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह रैंकिंग प्राप्त करने वाला रूंगटा ग्रुप प्रदेश का पहला तकनीकी संस्थान बन गया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की है। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर सोनल रूंगटा ने बताया कि यह रैंकिंग एमडीआरए (मार्केटिंग एंड डेवलपमेंट रिसर्च एसोसिएट्स) के सर्वेक्षण पर आधारित है। एमडीआरए एक प्रतिष्ठित सर्वे एजेंसी है जो सरकारी और निजी संस्थाओं के लिए निष्पक्ष मूल्यांकन करती है। इंडिया टुडे ग्रुप ने इसी एजेंसी के सर्वे के आधार पर रैंकिंग सूची तैयार की।

उन्होंने कहा, इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को देशभर में उपलब्ध गुणवत्ता से भरपूर तकनीकी संस्थानों की सही जानकारी देना है, जिससे वे अपने भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकें।

## बंधन बैंक ने चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोलीं

**कोलकाता।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने देश के चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोली हैं। इन 18 नई शाखाओं में से सात झारखंड में, पांच आंध्र प्रदेश में और तीन-तीन बिहार एवं ओडिशा में हैं। सभी नई शाखाएं चारों राज्यों के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देंगी। इसके साथ ही अब देशभर में बैंक के 6,300 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं।बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, 'हम उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों एवं सेवाओं का अनुकूलन कर असाधारण ग्राहक सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बंधन बैंक की पहुंच अब देश के 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में से 35 तक हो चुकी है।

## साया ग्रुप ने लेमन ट्री होटल्स के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी साया ग्रुप ने ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) में अपने 336 'बिजनेस सुइट्स' के प्रबंधन के लिए लेमन ट्री होटल्स के साथ हाथ मिलाया है। उसने लेमन ट्री होटल्स की अनुषंगी कंपनी कार्नेशन होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। समझौते के तहत लेमन ट्री होटल्स, साया साउथएक्स में 336 पूर्ण-सेवायुक्त 'बिजनेस क्लास सुइट्स' का संचालन एवं प्रबंधन करेगा। यह परियोजना तीन एकड़ में फैली हुई है और इसका कुल निर्मित क्षेत्रफल लगभग 6.8 लाख वर्ग फुट है।

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO: **661/PWD/Zone-9/2025** **1st call** RAIPUR DATED: **23/06/2025**

Online bids are invited for the following works of works up to Date 16/07/2025 at 17:30 hours.

| S No. | System Tender No | Name of work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible Class of Contractor /Firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 170659 | अधोसंरचना मद के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 09 अंतर्गत चौक सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति स्थापना कार्य | 2718000/(As per sor Rs. 22.68 Lacs & 4.50 Lacs Item Rate) | 20,500/- | Class-D & above | 08 Months | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ. आर दि. 01.01.2015 से प्रभावतील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित एवं नॉन एस.ओ.आर. के आईटम रेट (मूर्ति स्थापना हेतु) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e- Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 23/06/2025 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Note:- **1.** All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
**2.** Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. **1800 419 9140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,
**3.** प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। कार्य क्रमांक-1 के लिए निविदा कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु 1,500/- देय डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

**घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।**

**Zone Commissioner**
**ZONE-9**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**

No.02-08/CW/2025-26/Tr No.-2688-2701/1533 Raipur Dt 16-06-2025

**NOTICE FOR E-TENDER**

1.Online bids are invited through CSPDCL tendering system (SAP SRM) from Eligible Electrical Contractors registered in the O/o CE (PROJECT), CSPDCL, Gudhiyari, Raipur for following works. Registration of electrical contractors is opened & will be allowed for this tender till one day prior to date of opening of the tender.2. The registration of contractor will remain open. For details and further notifications keep visiting http://www. cspdcl.co.in ->project department->ebidding portal. 3. Bidders may visit the site www.cspdcl.co.in/project **office/ contractors section** to know the qualifying criteria for registration of contractors to be eligible for participating in the tender. **4.Bid information must be submitted in the prescribed format only. No deviation shall be permitted.**

| Sr. No. | Tender No / Rfx no. | Name of work | Tender amount (excl. GST) (in Rs) | Completion period | Eligible class for bidding | Time & Due date of submission |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tr.no - 2688 RFx-8100043836 | P/s to 2500KVA HT Connection to M/s C.G. Vidhan Sabha at village Sector - 19, Kuhera, Nava Raipur. under Atal Nagar Sub Division under O&M Dn. , Atal Nagar. **(Under Ground Cable laying work involve)** | 69185197.00 | 05 months | Class I & II | 12.00 noon 27.06.2025 |
| 2 | Tr.no - 2689 RFx-8100043837 | Renovation, shifting and New Proposed LT and 11 KV line from Mihthali Chowk to Sirhasar Chowk to Golbazar Chowk to Amagudhi Chowk Via Lalbag Road and Main Road Jagdalpur under CSPDCL Jagdalpur Town Zone in EE (City Dn.) Jagadalpur. **(Under Ground Cable laying work involve)** | 54550665.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 27.06.2025 |
| 3 | Tr.no - 2690 RFx-8100043838 | 01 No. 11 KV Feeder Additional Bay at 33/11 KV S/s Kutru Block-Bhairamgarh Under- Kutru D/C In (O&M) Dn. Bijapur. | 2146519.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 4 | Tr.no - 2691 RFx-8100043839 | Load Bifurcation of 11 KV Durgapur feeder radiated from 33/11 KV S/s Pakhanjore Under - Pakhanjore D/c of (O&M) Dn. Pakhanjore. | 2820173.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 5 | Tr.no - 2692 RFx-8100043840 | Load Bifurcation of 11 KV Chhote Betiya feeder radiated from 33/11 KV S/s Pakhanjore Under- Pakhanjore D/c of (O&M) Dn. Pakhanjore. | 2821467.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 6 | Tr.no - 2693 RFx-8100043841 | Shifting of Line (Existing 33 KV Jagdalpur and 11 KV Vargish colony feeder, 11 KV Aghanpur Feeder, 11 KV Kangoli Feeder and LT Line) for Road Widening work from Anupama Chowk to Negiguda Chowk Chitrakot Road, Jagdalpur Under-Dharampura Zone of City Dn. Jagdalpur. | 6617422.00 | 04 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 7 | Tr.no - 2694 RFx-8100043842 | Conversion of 33 KV line from overhead to under ground for Mandhar Urkura section under Amaseoni Dc under Raipur rural S/Dn of O&M Dn. Raipur. **(Under Ground Cable laying work involve)** | 3670484.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 8 | Tr.no - 2695 RFx-8100043843 | 01 No. 11 KV Feeder Additional Bay at 33/11 KV S/s Bijapur Block-Bijapur Under - Bijapur Town D/C In (O&M) Dn. Bijapur. | 2491796.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 9 | Tr.no - 2696 RFx-8100043874 | NEW 33/11 KV SUB- STATION AT VILLAGE PAHURNAR UNDER BARSOOR D/C OF (O&M) DIVISION DANTEWADA. | 18893089.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 10 | Tr.no - 2697 RFx-8100043924 | NEW PROPOSED 33/11 KV SUB STATION LANJODA (RANDHANA) UNDER-PHARASGAON D/C OF (O&M) DN. KONDAGAON (T) D/C. | 11992572.00 | 05 months | Class I | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 11 | Tr.no - 2698 RFx-8100043937 | Bifurcation of 11kv BEHARCHUWA Feeder Emanating From 33/11 KV RAMPUR Sub Station Under RAMPUR D/C Of O&M Division Korba. | 3013018.00 | 03 months | Class I, II, III & III-A | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 12 | Tr.no - 2699 RFx-8100043969 | Providing independent 33kv feeder emanating from 132/33kv Pratappur to 33/11kv Bhatgaon, Durti under Bhatgaon Dc under Pratappur Sub-Dn. Under (O&M) Dn. Surajpur | 4928994.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 13 | Tr.no - 2700 RFx-8100043970 | New 33kv line from 132/33 kv substation Khutera to 33/11 kv Substation Jamjhor under Kotba D/C under Pathalgaon sub-division under (O&M)Dn CSPDCL Pathalgaon. | 19983010.00 | 08 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |
| 14 | Tr.no - 2701 RFx-8100043971 | Interlinking of newly construction 132/33kv malhar s/s to 33/11kv masturi s/s for providing double supply to 33/11kv masturi s/s under masturi s/s. | 3741284.00 | 03 months | Class I & II | 12.00 noon 08.07.2025 |

**SAVE ELECTRICITY**

**CHIEF ENGINEER (PROJECT)**
**CSPDCL:RAIPUR**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821**

No.15-06/S&P/EE-IV/Boiler/P/W/TN-94/25/1883 Marwa, dtd.20-06-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-94/2025: -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for supply and works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler/P/ **T-157/25** | **8100043789** | Supply of Journal Head Liner Assembly of Coal Mill XRP 1003 at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | **15.07.2025 15:30 Hrs** | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,300/- |
| 2. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ **T-158/25** | **8100043791** | Supply and application of Rock Wool Insulation with Aluminum Sheet for Boiler & Turbine area of both units # 01 & 02 at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | **15.07.2025 15:30 Hrs** | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,950/- |
| 3. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ **T-159/25** | **8100043792** | Work contract for ID fan, FD and PA fan motor hoist dismantling (old hoist) & erection of new hoist and assistance in commissioning of hoist at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | **16.07.2025 15:30 Hrs** | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,950/- |
| 4. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ **T-161/25** | **8100043983** | Supply and Application of Plastic Refractory during AOH of Boiler at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | **16.07.2025 15:30 Hrs** | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 10,950/- |
| 5. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /P/ **T-162/25** | **8100043984** | Supply of MS Chequered Plate 08 mm for strengthening of duct at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa. | **15.07.2025 15:30 Hrs** | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 13,850/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

**// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //**

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में कार्डियोलॉजी क्षेत्र में नई पहल : 3डी ओसीटी तकनीक की शुरुआत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में हृदय रोगों की देखभाल अब और अधिक उन्नत और सुरक्षित हो गई है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने अपने कार्डियोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक 3डी ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी (3डी ओसीटी) तकनीक लांच की है। यह तकनीक मध्य भारत में पहली बार किसी अस्पताल द्वारा अपनाई गई है और यह हृदय रोगियों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में 3डी ओसीटी सेवा का उद्घाटन संस्थान के प्रबंध और चिकित्सा निदेशक डॉ. संदीप दवे के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अस्पताल की अनुभवी कार्डियोलॉजी टीम, जिसमें डॉ. जावेद अली खान, डॉ. शैलेश शर्मा, डॉ. प्रणय अनिल जैन, डॉ. भारत अग्रवाल, डॉ. संजय दुबे और डॉ. अजय हलवाई उपस्थित रहे। लांच के मौके पर डॉ. संदीप दवे ने कहा कि रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में, हम अपने रोगियों के लिए विश्व स्तरीय तकनीकों को उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 3डी ओसीटी की शुरुआत हमारे इसी विजन का हिस्सा है जो हृदय देखभाल में सटीकता और नवाचार को बढ़ावा देता है। 3डी ओसीटी एक नवीनतम इंट्रावास्कुलर इमेजिंग तकनीक है, जो कोरोनरी धमनियों के अल्ट्रा हाई-रिज़ॉल्यूशन, रियल टाइम विजुअलाइजेशन की अनुमति देती है। यह तकनीक हृदय रोग विशेषज्ञों को एंजियोप्लास्टी जैसी जटिल प्रक्रियाओं के दौरान वास्तविक समय में सटीक जानकारी प्रदान करती है, इसके माध्यम से डॉक्टर अब अधिक सटीक निदान कर सकते हैं और इष्टतम उपचार सुनिश्चित कर सकते हैं।

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती रश्मि देवी उम्र 44 वर्ष पिता श्री रमेश कुमार निवासी बजरंग चौक, ग्राम -कानामुका पोस्ट कचना, धमतरी, तहसील भखारा जिला धमतरी छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका ख.नं 12, रकबा 0.10 हेक्टेयर जो कि वाके मौजा ग्राम कानामुका, प.ह.न. 01, रा.नि.मं. भखारा, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. मे स्थित है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से कर बयाना अदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन कार्यवाही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रूप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांकः-23/6/25

**डी.एल राठौर**
अधिवक्ता, विजय नगर,
भनपुरी रायपुर छ.ग.
मो. नं -9407714358

## एनबीसीसी को एमडीए से मिला 296.53 करोड़ का ठेका




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी लिमिटेड को मेरठ विकास प्राधिकरण से 296.53 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे उत्तर प्रदेश के मेरठ में 'मेरठ विकास प्राधिकरण' की ''पुनर्विकास परियोजनाएं'' मिली हैं। ये परियोजनाएं 296.53 करोड़ रुपये की हैं। एनबीसीसी, परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) और रियल एस्टेट कारोबार क्षेत्र में कार्यरत है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**
**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 RIII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य का नाम : दिनांक–23.06.2025

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /17/2024-25 | जरका मोड़ मंदिर से गेरूआ भाया कांदु टोला तक पथ निर्माण । 2.00कि0मी0 | 214.650 | दो करोड़ चौदह लाख पैंसठ हजार रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 10.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 12.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 355757 Rural Development(25-26)D

# टेस्ट क्रिकेट : कप्तानी में डेब्यू करते हुए सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। वह कप्तानी में डेब्यू करते हुए शतक लगाने वाले चुनिंदा भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हुए थे। हालांकि, वह दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इसके बावजूद वह कप्तानी में डेब्यू करते हुए टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शुमार हुए।



## विराट कोहली

(115 और 141)

साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ एडीलेड टेस्ट में विराट कोहली ने कप्तान के रूप में अपने पहले ही मैच में 115 रनों की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने 184 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके लगाए थे और पहली पारी में टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया था। उन्होंने दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। हालांकि, कोहली के 2 शतकों के बावजूद भारत वह मुकाबला 48 रनों से हार गया था।



## विजय हजारे

(164*)

विजय हजारे ने 1951 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच में नाबाद 164 रन की पारी खेली थी। यह उनके टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है। इस पारी की बदौलत भारत ने 418/6 का स्कोर खड़ा किया था और यह मुकाबला ड्रॉ रहा था। यह शतक किसी भी भारतीय कप्तान का डेब्यू टेस्ट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी है।



## शुभमन गिल

(147 और 8)

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान के तौर पर अपने पहले टेस्ट में 147 रन बनाए। उनके बल्ले से 19 चौके और 1 छक्का भी निकला।यह उनके टेस्ट करियर का कुल छठा और इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा शतक रहा। वह दूसरी पारी में सिर्फ 8 रन ही बना सके। पहली पारी में गिल को शोएब बशीर ने आउट किया था और दूसरी पारी में उनका विकेट ब्रायडन कार्स ने हासिल किया।



## सुनील गावस्कर

(116 और 35*)

साल 1976 में ऑकलैंड टेस्ट के दौरान सुनील गावस्कर ने बतौर कप्तान अपने पहले टेस्ट में 116 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 12 चौके और 1 छक्का निकला था। उनकी पारी के ही कारण न्यूजीलैंड के 266 रन के जवाब में भारत को मजबूत शुरुआत मिली थी। इस टेस्ट को भारत ने 8 विकेट से जीता था। गावस्कर ने दूसरी पारी में नाबाद 35 रन बनाते हुए कप्तानी पारी खेली थी।

## खबर संक्षेप



### मोरक्को में दूसरे स्थान पर रहे गोल्फर कोचर

**माराकेच।** भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने अंतिम दौर में बोगी मुक्त सात अंडर 65 का स्कोर बनाया, लेकिन वह फिलिपींस के एड्रिक चान से एक स्ट्रोक पीछे रह गए और इस तरह से उन्हें मोरक्को राइजिंग स्टार्स माराकेच में दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में भारत से बाहर अपनी पहली जीत की तलाश में लगे कोचर ने समानाह गोल्फ क्लब में 70-67-69-65 राउंड के साथ 17 अंडर का स्कोर बनाया, जबकि चान ने अंतिम राउंड में सात अंडर 65 का कार्ड खेला और आखिर में उनका कुल स्कोर 18 अंडर रहा।

### चावला और गुप्ता एशियाई 6 रेड स्नूकर के नॉकआउट में



**कोलंबो।** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को यहां एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**देहरादून।** भारत के शीर्ष निशानेबाज मंगलवार से यहां त्रिशूल शूटिंग रेंज में शुरू हो रहे ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में हिस्सा लेंगे। ये ट्रायल अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले



आईएसएसएफ विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करने में मदद करेंगे। लगातार तीन विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली सुरुचि सिंह, म्यूनिख स्वर्ण पदक विजेता आर्य बोरसे और अर्जुन बबूता, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले, मौजूदा विश्व कप पदक विजेता सौरभ चौधरी, रुद्राक्ष पाटिल, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा, विजयवीर सिद्धू और चैन सिंह के साथ-साथ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, संदीप सिंह, वरुण तोमर और किरण अंकुश यादव जैसे प्रमुख निशानेबाज ट्रायल का हिस्सा होंगे।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी : इंग्लैंड ने बिना नुकसान के बना लिए 21 रन

# राहुल-पंत ने ठोके शतक, टीम इंडिया 364 पर ऑल आउट, इंग्लैंड को 371 रन का टारगेट

एजेंसी ▶▶| लीड्स

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से भारत ने सोमवार को यहां पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट पर 21 रन बना लिए। भारत तीसरे सत्र में दूसरी पारी में 364 रन पर सिमट गया और पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में पहले भारतीय विकेटकीपर बने। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बिना नुकसान के 21 रन बना लिए हैं। टीम जीत से 350 रन दूर हैं। जैक क्रॉली 12 और और बेन डकेट 9 रन पर नाबाद हैं। पहली पारी में इंग्लैंड 465 और भारत 471 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारत को पहली पारी में 6 रन की बढ़त मिली थी।




### विकेटकीपर होकर पंत ने हासिल किया यह मुकाम

ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक जमा दिया है। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने गए हैं। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने भारत के खिलाफ साल 2000 में नागपुर टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था। बता दें कि केएल राहुल ने अपने करियर का 9वां शतक लगाया। उन्होंने शोएब बशीर के ओवर की आखिरी बॉल पर 2 रन लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। बशीर ने सामने की तरफ ओवरपिच बॉल फेंकी थी। केएल राहुल पिछली पारी में 42 रन पर आउट हुए थे।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 471, इंग्लैंड पहली पारी : 465

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो कार्स | 04 | 11 | 1 | 0 |
| लोकेश राहुल बो कार्स | 137 | 247 | 18 | 0 |
| साई सुदर्शन का क्राउली बो स्टोक्स | 30 | 48 | 4 | 0 |
| शुभमन गिल बो कार्स | 08 | 16 | 1 | 0 |
| ऋषभ पंत का क्राउली बो बशीर | 118 | 140 | 15 | 3 |
| करूण नायर का एवं बो वोक्स | 20 | 54 | 3 | 0 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 | 40 | 2 | 1 |
| शार्दुल ठाकुर का रूट बो टंग | 04 | 12 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज का स्मिथ बो टंग | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह बो टंग | 00 | 02 | 0 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा का टंग बो बशीर | 00 | 11 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 18 , कुल: 96 ओवर में 364 रन

**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 19-4-45-1, ब्रायडन कार्स 19-2-80-3, जोश टंग 18-2-72-3, शोएब बशीर 22-1-90-2, बेन स्टोक्स 15-2-47-1, जो रूट 3-0-21-0

## बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में लिए 5 विकेट

### एसईएनए देशों में बनाए रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| लीड्स



भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल है। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए। बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए।

**जोरदार रही बुमराह की गेंदबाजी**

बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल की। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए।

### विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल वाले भारतीय बने बुमराह

बुमराह का यह विदेशों में (घर से बाहर) कुल 12वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ ही वह विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल (संयुक्त रूप से) वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में कपिल देव की बराबरी की।

### एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई

बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 60 पारियों में यह कारनामा किया है। उन्होंने इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए थे। इस सूची में पूर्व भारतीय स्पीनर अनिल कुंबले (67 पारियों में 141 विकेट) तीसरे और इशांत शर्मा (71 पारियों में 130 विकेट) चौथे स्थान पर काबिज हैं।

क्रिकेट

## मैंने टीम में अपनी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया



एजेंसी ▶▶| लीड्स

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।
इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी।

### मेरा पूरा ध्यान अपने खेल को बेहतर करने पर

भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े।'' उन्होंने कहा, ''मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे।

## सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स)।** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता।



**रजत और कांस्य पदक विजेता :** अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए।
मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



## रियाल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका)।** रियाल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3-1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियाल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और ज़ाबी अलोंसो को इस स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में पहली जीत दिलाई।
**एमबाप्पे नहीं खेल पा रहे मैच :** रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण क्लब विश्व कप के दोनों मैच नहीं खेल पाए। वह अस्पताल में भर्ती हैं जिसके कारण चार्लोट नहीं जा पाए।

## कल से दूसरा टेस्ट मैच, स्टार तेज गेंदबाज की छुट्टी

# दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को लगा भारी झटका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट टीम इन दिनों श्रीलंका के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। वहीं अब दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है। अहम मैच से पहले श्रीलंका के स्टार तेज गेंदबाज की छुट्टी हो गई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मिलन रथनायके को गॉल टेस्ट में बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण गदूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। दूसरा टेस्ट 25 जून से शुरू होगा। श्रीलंका अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज के बिना भी खेलेगी। सीरीज के पहले मैच के बाद उन्होंने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। उनकी जगह श्रीलंका टीम ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो और शानदार गेंदबाज डुनिथ वेलालेज को टीम में शामिल किया है।

### पहले टेस्ट के बाद मैथ्यूज ने लिया संन्यास

### वेललेज के पास सिर्फ एक टेस्ट का अनुभव

फर्नांडो ने श्रीलंका के लिए 27 टेस्ट मैच खेले हैं और 79 विकेट चटकाए हैं। दूसरी ओर वेललेज के नाम केवल एक टेस्ट मैच है। उन्होंने 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ अपना डेब्यू किया था। यह सीरीज नए ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में दोनों टीमों का पहला असाइनमेंट है।

**दूसरे टेस्ट के लिए श्रीलंका टीम :** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), पथुम निसांका, ओशादा फर्नांडो, लाहिरू उदारा, दिनेश चंडीमल, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, पसिंदु सोरियाबंदरा, सोनल दिनुशा,



डुनिथ वेललागे, पवन रथनायके, प्रभात जयसूर्या, थारिंडु रत्नायके, अकिला धनंजय, असिथा फर्नांडो, कासुन राजिथा, विश्वा फर्नांडो, इसिथा विजेसुंदरा।

### पहले टेस्ट का हाल

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मैच की बात करें तो यह ड्रॉ रहा था। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। पहली पारी में बांग्लादेश ने 495 रन बनाए थे। कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो ने 148 और मुश्फिकुर रहीम ने 163 रन की पारी खेली थी। लिटन दास के बल्ले से 90 रन निकले थे।
जवाब में श्रीलंका ने पहली पारी में 485 रन बना दिए थे। पथुम निसांका ने 187 रन के बेहतरीन पारी खेली थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी 285-6 के स्कोर पर घोषित कर दी थी। कप्तान शांतो ने इस बाद 125 रन ठोके




# ताजमहल के चारों तरफ क्यों लगाई गई है तुलसी, वजह जानकर हो जाएंगे हैरान

एजेंसी ▶▶| आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित ताजमहल को देखने के लिए पूरी दुनिया से लोग आते हैं। यह प्यार की निशानी माना जाता है। बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज की याद में ताजमहल का निर्माण कराया था।

ताजमहल दुनिया के सात अजूबों में से एक है। इसे 2007 में दुनिया के सात अजूबों में शामिल किया गया था। साल 1983 में इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल के तौर पर नामित किया था।

ताजमहल भारतीय वास्तुकला का एक अनूठा नमूना है। यह अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। सफेद संगमरमर से बने इस मकबरे को बनाने में 22 साल का समय लगा था। ताज से जुड़ी कई रोचक और रहस्यमयी बाते हैं, जिनकी अक्सर चर्चा होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि ताजमहल के आस-पास तुलसी के पौधे क्यों लगाए गए हैं?

## हवा में हानिकारक गैसों को कम करती है तुलसी

ताजमहल के आस-पास तुलसी के पौधे लगाने की बड़ी वजह है, जिसके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। तुलसी का पौधा हर दिन करीब 20 घंटे तक



ऑक्सीजन और चार घंटे तक ओजोन गैस छोड़ता है। एक शोध के मुताबिक, तुलसी करीब 100 वर्ग मीटर में हवा को शुद्ध करती है, जिस कारण आस पास कोई भी कीड़े-मकोड़े नहीं आते हैं। तुलसी हवा में हानिकारक गैसों जैसे कार्बन डाई ऑक्साइड, सल्फर डाई ऑक्साइड और नाईट्रोजन ऑक्साइड को कम करती है। ताजमहल के आसपास फैले प्रदूषण की वजह उसका संगमरमर पीला हो जाता है। ऐसे में तुलसी वहां की हवा को साफ रखने में मदद करती है, जिससे ताजमहल की सफेदी और चमक बरकरार रहती है।



## प्रदूषण रोकने के लिए लगाए थे हजारों तुलसी के पौधे

दरअसल, ताजमहल के आसपास तुलसी के पौधों से उसकी सुरक्षा होती है। तुलसी से निकलने वाला ओजोन गैस सूर्य की हानिकारक किरणों से ताजमहल को बचाने का काम करता है। साल 2009 में आगरा के वन विभाग ने ताजमहल के आस-पास प्रदूषण को रोकने के लिए हजारों तुलसी के पौधे लगाए थे। तुलसी के पौधों के कारण ताजमहल के आस-पास कोई भी किटाणु या कीड़े नहीं आते हैं। इससे ताजमहल की दीवार और फर्श दोनों साफ रहती है। साथ ही ताजमहल के आस-पास हवा भी शुद्ध बनी रहता है।

# कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्रीय व राज्य मंत्रियों-विधायकों ने रोहतक पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

## सिंधु भवन में मुख्यमंत्री ने लगाई त्रिवेणी

**रोहतक।** पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की पूज्य माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि माता परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और उन्होंने हमेशा समाज व गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर त्रिवेणी का पौधरोपण किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी और सरकार के कई मंत्री भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।




## ये भी शोक जताने पहुंचे



पूर्व मंत्री डॉ सत्यपाल, संत हूजूर कुंवर साहेब महाराज, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, जेजेपी नेता अजय चौटाला, पूर्व मंत्री संजय सिंह, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक उकलाना नरेश सेलवाल, पूर्व विधायक दूड़ाराम, पूर्व विधायक सीताराम यादव, बलवान दौलतपुरिया पूर्व विधायक, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, बख्शी सिंह विर्क, पूर्व चेयरमैन डॉ अरविंद यादव, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश चहल, स्वामी राघव देव महाराज, स्वामी राघवेंद्र महाराज, स्वामी श्रणानंद महाराज, जिला परिषद हिसार चेयरमैन सोनू सिहाग, महाराज दर्शन गिरी, कैप्टन योगेश बैरागी, जिलाध्यक्ष गुरुग्राम नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, सर्व प्रिय त्यागी , पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फोगाट, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी शमशेर खरक, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिन्धु निवास, रोहतक पहुँचकर पूज्य माता जी स्वर्गीय श्रीमती परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धासुमन अर्पित की। श्रद्धा और स्मरण के इन भावुक क्षणों में उन्होंने माता जी के तप, त्याग, संघर्ष और सेवा भाव को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज और परिवार के लिए अमिट प्रेरणा का स्रोत है।

इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने एक पेड़ 'मां' के नाम त्रिवेणी के रूप में परागण में रोपित कर, उन्हें प्रकृति में सजीव करने का भावपूर्ण कार्य किया। यह त्रिवेणी माता जी की स्मृति और आशीर्वाद का प्रतीक बनकर सदैव जीवंत रहेगी।

## नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भाजपा परिवार ने एक श्रद्धालु, संस्कारी मातृरूप को खो दिया है। उनका समर्पित जीवन हम सबके लिये प्रेरणा-स्त्रोत है। संगठन हर सुख-दुख में परिवार के साथ खड़ा रहेगा।
- केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि परमेशवरी माता जी ने सेवा, सहिष्णुता और संयम के मूल्यों को अपने जीवन में चरितार्थ किया।
- राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि आर्य समाज के उत्थान में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वे निस्वार्थ सेवा की प्रतिमूर्ति थीं।
- प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा ने कहा कि माता जी के स्नेहिल आशीर्वाद से अनेक कार्यकर्ताओं का जीवन संवरा है।
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद ही संतानों की सबसे बड़ी निधि होता है।
- राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उनका व्यक्तित्व विनम्रता और त्याग का अनूठा संगम था। समाज-सेवा में उन्होंने जो मिसाल कायम की, वह हम सबके लिए प्रेरक है।
- खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मां का साया छिन जाना सबसे बड़ा दुख है। परमेश्वरी जी ने जिस सत्साहस से परिवार और समाज को संजोया, वह विरली बात है।
- खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि माता जी सादगी, सद्भाव और सेवा-भाव की प्रतिमूर्ति थीं।
- कांग्रेस के रोहतक शहर से विधायक बीबी बत्तरा ने कहा कि परमेश्वरी देवी जी का स्नेहिल व्यवहार हमेशा याद रहेगा।
- पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि माता जी ने सदैव सादगी व सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी। उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हरियाणा समाज पर अमिट छाप छोड़ गया है।
- पूर्व खेल मंत्री संदीप सिंह-माता परमेश्वरी देवी जी बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी। उनका जीवन सादगी भरा रहा। उनके दिए संस्कारों की वजह से परिवार आगे बढ़ रहा है।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन मूल्यों और सिद्धांतों का जीवन रहा। उनका अपना जीवन जन हित और समाज कल्याण के कार्यों में लगाया।
- पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी के जीवन से समाज को कुछ सीखना चाहिए।
- बवानी खेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा माता परमेशवरी देवी को परमात्मा अपने चरणों में स्थान दे।
- भाजपा सांसद चौधरी धर्म सिंह सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन त्याग, तपस्या से भरा रहा। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

# सूर्य से 36 अरब गुना बड़ा, अंतरिक्ष में मिला अब तक का सबसे बड़ा ब्लैक होल

वॉशिंगटन। धरती से 6 अरब लाइट इयर दूर एक आकाशगंगा के केंद्र में स्थित यह विशाल ब्लैक होल सूर्य के द्रव्यमान से 36 अरब गुना ज्यादा होने का अनुमान है। यह शानदार खोज कॉस्मिक हॉर्सशू नाम की एक चीज से हुई। यह एक तरह का गुरुत्वाकर्षण लेंस है जिसे पहली बार 2007 में देखा गया था। रियो ग्रांडे डो सुल के संघीय विश्वविद्यालय के भौतिकी संस्थान के कार्लोस आर. मेलो-कार्नेइरो के नेतृत्व में किए गए नए शोध में इस ब्लैक होल की पहचान की गई।



## इतना बड़ा क्यों है ब्लैक होल?

इस बात की संभावना अधिक है कि एलआरजी 3-757 आकाशगंगा का पहले कई बार दूसरी आकाशगंगाओं से टकराव हुआ होगा या फिर वह आपस में ही मिल गई होंगी। इस प्रक्रिया को स्कोअरिंग के रूप में जाना जाता है। खगोलविद इस बात का भी अंदेशा जता रहे हैं कि यह ब्लैक होल किसी पुराने क्वासर का बचा हुआ हिस्सा हो सकता है।

## कॉस्मिक हॉर्स-शू क्या है?

कॉस्मिक हॉर्स-शू एक खास तरह का लेंस है। इसमें बहुत ही बड़ी आकाशगंगा का गुरुत्वाकर्षण बल, उसके पीछे मौजूद किसी दूर की मिल्की वे की रोशनी को भी मोड़ देता है। जब ऐसा होता है तो इसके चारों तरफ एक चमकता हुआ आर्क दिखाई देता है, जिसे आइंस्टीन रिंग कहते हैं। जिस मिल्की-वे के कारण यह रोशनी मुड़ती है उसका नाम एलआरजी 3-757 है।

## कैसे मापा जाता है ब्लैक होल?

दरअसल, सबसे बड़े ब्लैक होल को मापना बहुत ही चुनौती भरा होता है। आमतौर पर शोधकर्ता आस-पास के तारों और गैस की गति पर निर्भर होते हैं। लेकिन, फिर भी इतनी अधिक दूरी पर जो 5 अरब लाइट इयर से भी ज्यादा है, ऐसे में किसी भी चीज को सीधा देख पाना बहुत ही मुश्किल होता है।







# 105 साल पहले ऐसे दिखते थे भारतीय! सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तस्वीरें



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

सोशल मीडिया पर लोग घंटों बिताते हैं। यह एक ऐसा प्लेटफार्म हैं, जहां हर तरह की चीजें देखने को मिलती हैं। इंटरनेट पर वायरल एक पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस पोस्ट में कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं, जो एक ही फ्रेम में हैं। इस वायरल पोस्ट में दावा किया गया है कि जर्मन फोटोग्राफर ने 1920 के दशक में यह तस्वीर खींची थी। तस्वीर में नजर आ रहे लोग भारतीय हैं। ब्लैक एंड व्हाइट फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है और इन्हें देखकर लोग हैरान हैं। लोगों ने इन फोटोज को अविश्वसनीय और सपनों जैसा बताया है। यह पोस्ट करीब 10 तस्वीरों का कलेक्शन है। इसमें भारत के अलग-अलग लोगों को दिखाया गया है।

## 1920 के दशक में खींची गई थीं तस्वीरें

फोटो में आप उनके चेहरे के नयन-नक्श, पारंपरिक कपड़े और अनोखी हेयरस्टाइल्स साफ देख सकते हैं। इस पोस्ट का कैप्शन है, एक जर्मन फोटोग्राफर ने 1920 के दशक में भारतीयों की तस्वीरें खींची थी। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन तस्वीरों को खींचने वाले फोटोग्राफर का नाम ईगन फ्रेहर वॉन आइकस्टेड्ट था, जो एक प्रसिद्ध जर्मन मानवविज्ञानी थे। वॉन आइकस्टेड्ट मानव नस्लों के वर्गीकरण पर काम करने के लिए जाने जाते थे।

## भारतीयों की विविधता

रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 1920 के दशक में वह केरल के एक छोटे से कस्बे कुथुपरम्बा में आए हैं। उन्होंने यहां पर अपने शोध के दौरान अलग-अलग लोगों की तस्वीरें खींचीं, जिनका वर्तमान समय में ऐतिहासिक महत्व है। इन तस्वीरों में भारतीयों की विविधता को साफ देख सकता है। अब यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है, जिस पर लोग अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक शख्स ने लिखा है क्या बात है। वो जॉलाइन्स देखो! एक अन्य शख्स ने लिखा है कि बालों की कटिंग और स्टाइल आज भी कमाल लगती है!




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com